यूपी के 16 शहरों में रिवर फ्रंट बनाने की तैयारी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। प्रदेश के 16 शहरों में विकास की कई नई परियोजनाएं शुरू होंगी। इनमें रिवर फ्रंट, कम्पलीट स्ट्रीट, बड़े पार्क, वाटर बॉडीज और झीलों का विकास होगा। राज्य सरकार ने परियोजनाओं के लिए केंद्र से 2218.74 करोड़ का बजट मांगा है। केन्द्र ने शीघ्र बजट जारी करने की सहमति दी है।

केंद्र सरकार की ओर से स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेटस फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट चलाई जा रही है।

2218 करोड़ से होगा विकासकार्य

जीआईएस आधारित प्लान

जीआईएस आधारित मास्टर प्लान शहरों में तैयार कराया गया है। कुछ शहरों में बोर्ड से प्रस्ताव पास करा लिया गया है।

इस योजना में केंद्र सरकार ने 15 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा है। आवास विभाग ने पांच लाख की आबादी वाले 16 शहरों के विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों को विकास की परियोजनाएं तैयार करने का निर्देश दिया है। केंद्र से बजट आते ही काम शुरू होगा।

इन शहरों को प्राथमिकता

लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा, मेरठ, गोरखपुर, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, झांसी, फिरोजाबाद शिकोहाबाद, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर तथा मथुरा वृंदावन को प्राथमिकता दी गई है। इन शहरों को पत्र भेज कर नयी योजनाओं के बारे में रिपोर्ट मांगी गई है। जहां बजट के अभाव में काम पूरा नहीं हुआ है उनको भी पूरा कराने के लिए बजट मिलेगा। इसकी भी रिपोर्ट मांगी गई है।